# कारपोरेट अभिशासन

## अभिशासन कोड के प्रति बैंक का दृष्टिकोण

कारपोरेट अभिशासन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं का अक्षरशः अनुपालन करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक प्रतिबद्ध है। बैंक का मानना है कि उपयुक्त अच्छे कारपोरेट अभिशासन का महत्त्व विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन से अधिक होता है। उपयुक्त अभिशासन से व्यवसाय के प्रभावी प्रबंधन और नियंत्रण में सुविधा होती है, जिससे बैंक व्यवसाय सदाचार का उच्च स्तर बनाए रख सकता है और अपने हितधारकों को इष्टतम परिणाम दे सकता है । संक्षेप में इसके उद्देश्य इस प्रकार हैं :

- शेयरधारकों की पूंजी की सुरक्षा और उसमें वृद्धि करना।
- ग्राहकों, कर्मचारियों तथा समग्र समाज जैसे अन्य सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करना।
- संप्रेषण में पारदर्शिता और ईमानदारी सुनिश्चित करना तथा सभी संबंधित पक्षों को संपूर्ण, सही एवं स्पष्ट सूचना उपलब्ध कराना।
- ग्राहक सेवा तथा निष्पादन संबंधी उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना तथा सभी स्तरों पर उत्कृष्टता हासिल करना।
- सर्वश्रेष्ठ गुणवत्तापूर्ण कारपोरेट नेतृत्व प्रदान करना जो दूसरों के लिए अनुकरणीय हो।

## बैंक निम्नलिखित बातों के लिए प्रतिबद्ध है :

- यह सुनिश्चित करना कि बैंक का निदेशक बोर्ड नियमित बैठकें करे, व्यवसाय तथा कार्यों के मामले में प्रभावी नेतृत्व तथा व्यावहारिक-ज्ञान प्रदान करे तथा बैंक के निष्पादन की निगरानी करे।
- कार्यनीतिक नियंत्रण की रूपरेखा तय करना तथा इसकी प्रभावोत्पादकता की निरंतर समीक्षा करना।
- नीति विकास, कार्यान्वयन एवं समीक्षा, निर्णयन, निगरानी, नियंत्रण और रिपोर्टिंग के लिए सुस्पष्ट रूप से लिखित पारदर्शी प्रबंधन प्रक्रिया स्थापित करना।
- बोर्ड को यथावश्यक सभी प्रासंगिक सूचनाएँ, सलाह और संसाधन उपलब्ध कराना, ताकि वह अपनी भूमिका का निर्वाह प्रभावी ढंग से कर सके।
- यह सुनिश्चित करना कि अध्यक्ष, कार्यपालक प्रबंधन के सभी पहलुओं के प्रति उत्तरदायी हों तथा बैंक के निष्पादन और बोर्ड द्वारा निर्धारित नीतियों के कार्यान्वयन के लिए बोर्ड के प्रति जवाबदेह हों। अध्यक्ष की भूमिका भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 तथा इसमें किए गए सभी संबंधित संशोधनों से भी निर्देशित होती है।
- यह सुनिश्चित करना कि भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक और अन्य विनियामकों तथा बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी प्रयोज्य संविधियों, विनियमों और अन्य कार्यविधियों, नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने और यदि कोई विचलन हो, तो उसकी सूचना बोर्ड को देने के लिए किसी वरिष्ठ कार्यपालक को बोर्ड के प्रति उत्तरदायी बनाया जाए।

शेयर बाजारों के साथ सूचीकरण करार के खंड 49 के अनुसार बैंक ने उन मामलों को छोड़कर जहाँ खंड 49 के प्रावधान भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 तथा भारतीय रिज़र्व बैंक/भारत सरकार द्वारा जारी किए गए निदेशों के अनुरूप नहीं हैं, कारपोरेट अभिशासन के प्रावधानों का अनुपालन किया है। कारपोरेट अभिशासन के इन प्रावधानों के कार्यान्वयन पर एक रिपोर्ट नीचे प्रस्तुत की गई है।

## केंद्रीय बोर्ड : भूमिका एवं संरचना

भारतीय स्टेट बैंक का गठन वर्ष 1955 में संसद द्वारा पारित एक अधिनियम अर्थात भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 (अधिनियम) से हुआ। इस अधिनियम के अनुसार केंद्रीय निदेशक बोर्ड का गठन किया गया था। बैंक का केंद्रीय बोर्ड अपने अधिकार भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम एवं विनियम 1955 के प्रावधानों से प्राप्त करता है और उन्हीं के अनुपालन में अपने कार्य करता है। अन्य बातों के साथ इसकी प्रमुख भूमिका में निम्नांकित शामिल हैं ;

- बैंक के जोखिम प्रोफाइल पर नजर रखना ;
- बैंक के व्यवसाय और नियंत्रण प्रणाली की सम्पूर्ण निगरानी ;
- विशेषज्ञ प्रबंधन सुनिश्चित करना, और
- बैंक के हितधारकों के लाभों में अधिकाधिक वृद्धि करना।

बोर्ड की अध्यक्षता भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 (क) के अंतर्गत नियुक्त बैंक के अध्यक्ष द्वारा की जाती है। भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा

19 (ख) के अंतर्गत चार प्रबंध निदेशक भी इस बोर्ड के सदस्य नियुक्त किए गए हैं। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पूर्णकालिक निदेशक हैं। 31 मार्च 2015 को बोर्ड में प्रौद्योगिकी, लेखा-शास्त्र, वित्त तथा अर्थशास्त्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों सहित कुल 10 अन्य निदेशक थे। इनमें शेयरधारकों के प्रतिनिधि, बैंक का स्टाफ, भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिती अधिकारी और भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 19 (घ) के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा नामित किए गए निदेशक शामिल हैं। कार्यालय में अध्यक्ष और तीन प्रबंध निदेशकों सहित पूर्णकालिक निदेशकों के अलावा, 31 मार्च 2015 को बोर्ड का स्वरूप निम्नानुसार रहा :

- धारा 19 (ग) के अंतर्गत शेयरधारकों द्वारा निर्वाचित चार निदेशक,
- केंद्रीय सरकार द्वारा धारा 19 (गख) के अंतर्गत नामित एक निदेशक,
- केंद्रीय सरकार द्वारा धारा 19 (घ) के अंतर्गत नामित तीन निदेशक,
- केंद्रीय सरकार द्वारा धारा 19 (ङ) के अंतर्गत नामित एक निदेशक (भारत सरकार का अधिकारी), और
- केंद्रीय सरकार द्वारा धारा 19 (च) के अंतर्गत नामित (भारतीय रिज़र्व बैंक का अधिकारी) एक निदेशक ।

निदेशक बोर्ड का गठन सूचीबद्धता व्यवस्था के खंड 49 में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप है। निदेशकों के बीच आपस में कोई संबंध नहीं है।

गैर-कार्यपालक निदेशकों का संक्षिप्त परिचय अनुलग्नक-I में दिया गया है, विभिन्न बोर्डों/ समितियों में सभी निदेशकों द्वारा धारित निदेशक पदों/सदस्यताओं का विवरण अनुलग्नक-II में और बैंक में उनकी शेयरधारिता का विवरण अनुलग्नक-III में दिया गया है।

## केंद्रीय बोर्ड की बैठकें

बैंक के केंद्रीय बोर्ड की वर्ष में कम से कम छह बैठकें होती हैं। वर्ष 2014-15 के दौरान केंद्रीय बोर्ड की **बारह** बैठकें आयोजित की गई। बैठकों की तारीख और निदेशकों की उपस्थिति निम्नानुसार है :

**वर्ष 2014-15 दौरान आयोजित बोर्ड बैठकों की तारीख एवं निदेशकों की उपस्थिति**

| | |
|---|---|
| **आयोजित बैठकों की संख्या :** | **12** |
| **बैठकों की तारीख :** | 29.04.2014, 23.05.2014, 19.06.2014, 17.07.2014, 08.08.2014, 24.09.2014, 14.11.2014, 18.12.2014, 30.12.2014, 29.01.2015, 13.02.2015, 23.03.2015 |

श्रीमती अरुंधति भट्टाचार्य, अध्यक्ष और श्री पी. प्रदीप कुमार, प्रबंध निदेशक एवं समूह कार्यपालक (कारपोरेट बैंकिंग), श्री एस. के. मुखर्जी सभी बारह बैठकों में उपस्थित रहे।

| निदेशक का नाम | नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या | उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे |
|---|---|---|
| श्री एच. जी. कान्ट्रेक्टर, एमडी एवं जीई (आईबी) (30.04.2014 तक) | 01 | 01 |
| श्री ए. कृष्ण कुमार, एमडी एवं जीई (एनबी) (30.04.2014 तक) और एमडी एवं जीई (आईबी- 01.05.2014 से 30.11.2014 तक) | 07 | 07 |
| श्री एस. विश्वनाथन (30.04.2014 तक) | 01 | 01 |
| श्री बी. श्रीराम, एमडी एवं जीई (एनबी) (17.07.2014 से) | 09 | 07 |
| श्री वी. जी. कन्नन, एमडी एवं जीई (एएण्डएस) (17.07.2014 से) | 09 | 07 |
| श्री एस. वेंकटाचलम (24.06.2014 तक) | 03 | 03 |
| श्री डी. सुंदरम (24.06.2014 तक) | 03 | 02 |
| श्री पार्थसारथी अय्यंगार (24.06.2014 तक) | 03 | 02 |
| श्री थॉमस मैथ्यू (24.06.2014 तक) | 03 | 03 |
| श्री संजीव मल्होत्रा (26.06.2014 से) | 09 | 09 |
| श्री एम. डी. माल्या (26.06.2014 से) | 09 | 08 |
| श्री सुनील मेहता (26.06.2014 से) | 09 | 09 |
| *श्री दीपक आई. अमिन (26.06.2014 से) | 10 | 09 |
| श्री ज्योति भूषण महापात्रा (20.11.2014 तक) | 07 | 06 |
| डॉ. राजीव कुमार | 12 | 04 |
| श्री हरिचंद्र बहादुर सिंह | 12 | 09 |
| श्री त्रिभुवन नाथ चतुर्वेदी | 12 | 04 |
| श्री गुरदयाल सिंह संधु (10.11.2014 तक) | 06 | 01 |
| श्री हसमुख अढ़िया (11.11.2014 से) | 06 | 02 |
| डॉ. ऊर्जित आर. पटेल | 12 | 05 |

*श्री दीपक आई. अमिन को भारत सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 19 (घ) के अंतर्गत दिनांक 24 जनवरी 2012 से तीन वर्ष की अवधि के लिए नामित किया था। तथापि, उन्होंने दिनांक 8 मई 2014 से बोर्ड से त्यागपत्र दे दिया और दिनांक 26 जून 2014 से बैंक के बोर्ड में शेयरधारक निदेशक बन गए।

## केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति

केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति (ईसीसीबी) का गठन भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 की धारा 30 के अनुसार किया गया है। भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विनियम (46 एवं 47) में प्रावधान है कि केंद्रीय बोर्ड के सामान्य अथवा विशेष निदेशों के अधीन केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति केंद्रीय बोर्ड की परिधि में आने वाले किसी भी मामले पर विचार कर सकती है। केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति में अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 19 (च) के अंतर्गत नामित निदेशक (भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिती) और भारत में जिस स्थान पर बैठक आयोजित की जा रही हो, उस स्थान पर सामान्य रूप से निवास कर रहे अथवा उस समय वहाँ उपस्थित सभी या कोई अन्य निदेशक शामिल होते हैं। केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति की एक बैठक प्रत्येक सप्ताह में आयोजित की जाती है। वर्ष 2014-15 के दौरान आयोजित केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति की बैठकों में उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है - :

**वर्ष 2014-15 के दौरान केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति**

**आयोजित बैठकों की कुल संख्या: 53**

| क्र.सं. | निदेशक | उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अरुंधति भट्टाचार्य, अध्यक्ष | 52 |
| 2 | श्री एच. जी. कान्ट्रेक्टर, एमडी एवं जीई (आईबी) (30.04.2014 तक) | 05 |
| 3 | श्री ए. कृष्ण कुमार, एमडी एवं जीई (एनबी) (30.11.2014 तक) | 28 |
| 4 | श्री एस. विश्वनाथन, एमडी एवं जीई (एएण्डएस) (30.04.2014 तक) | 04 |
| 5 | श्री पी. प्रदीप कुमार, एमडी एवं जीई (सीबी) | 49 |
| 6 | श्री बी. श्रीराम (17.07.2014 से) | 31 |
| 7 | श्री वी. जी. कन्नन, एमडी एवं जीई (एएण्डएस) (17.07.2014 से) | 29 |
| 8 | श्री एस. वेंकटाचलम (24.06.2014 तक) | 12 |
| 9 | श्री डी. सुंदरम (24.06.2014 तक) | 09 |
| 10 | श्री पार्थसारथी अय्यंगार (24.06.2014 तक) | 01 |
| 11 | श्री थॉमस मैथ्यू (24.06.2014) | 12 |
| 12 | श्री संजीव मल्होत्रा (26.06.2014 से) | 33 |
| 13 | श्री एम. डी. माल्या (26.06.2014 से) | 36 |
| 14 | श्री सुनील मेहता (26.06.2014 से) | 40 |
| 15 | श्री दीपक आई. अमिन (08.05.2014 और उसके बाद 26.06.2014 से) | 30 |
| 16 | श्री ज्योति भूषण महापात्रा (20.11.2014 तक) | 04 |
| 17 | श्री एस. के. मुखर्जी | 09 |
| 18 | डॉ. राजीव कुमार | 02 |
| 19 | श्री हरिचंद्र बहादुर सिंह | 20 |
| 20 | श्री त्रिभुवन नाथ चतुर्वेदी | 02 |
| 21 | श्री गुरदयाल सिंह संधु, सरकारी नामिती (10.11.2014 तक) | - |
| 22 | डॉ. हसमुख अढ़िया (11.11.2014 से), सरकारी नामिती | - |
| 23 | डॉ. ऊर्जित आर. पटेल, आरबीआई नामिती | - |

## अन्य बोर्ड स्तरीय समितियाँ :

भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम और सामान्य विनियम, 1955 के प्रावधानों तथा भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक/सेबी के दिशा-निर्देशों के अनुसार केंद्रीय बोर्ड ने बोर्ड स्तरीय नौ समितियाँ गठित की हैं। ये हैंः लेखा-परीक्षा समिति, जोखिम प्रबंधन समिति, हितधारक संबंध समिति, बड़ी राशि (1 करोड़ रुपए तथा उससे अधिक राशि) की धोखाधड़ियों की निगरानी के लिए बोर्ड की विशेष समिति, ग्राहक सेवा समिति, प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति, बोर्ड की पारिश्रमिक समिति, वसूली निगरानी के लिए बोर्ड की समिति और कारपोरेट सामाजिक दायित्व समिति। ये समितियाँ लेखा-परीक्षा और लेखा, जोखिम प्रबंधन, शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायतों का निवारण, धोखाधड़ी की समीक्षा और नियंत्रण, ग्राहक सेवा की समीक्षा एवं ग्राहकों की शिकायतों का निवारण, प्रौद्योगिकी प्रबंधन, कार्यपालक निदेशकों को मानदेय का भुगतान, ऋण एवं अग्रिमों की वसूली की निगरानी और कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायितव जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रो में बोर्ड स्तरीय कार्यवाही में कारगर पेशेवराना सहयोग प्रदान करती हैं। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के आधार पर पूर्णकालिक निदेशकों को मानदेय के भुगतान का अनुमोदन देने हेतु पारिश्रमिक समिति की वर्ष में एक बार बैठक आयोजित होती है। अन्य समितियों की बैठकें केन्द्रीय बोर्ड द्वारा अनुमोदित समीक्षा के कैलेन्डर के आधार पर आवधिक रूप में, सामान्यतः तिमाही अंतराल पर नीतिगत मामलों और/या क्षेत्र-विशेष के निष्पादन की समीक्षा के लिए आयोजित की जाती हैं। इन समितियों द्वारा बैंक के शीर्ष कार्यपालकों की सेवाओं के साथ-साथ आवश्यकतानुसार बाहरी विशेषज्ञों की सेवाएं भी ली जाती हैं। इन समितियों की बैठकों में हुई चर्चा के कार्य-विवरण और कार्यवाही की संक्षिप्त रिपोर्ट केन्द्रीय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की जाती है।

## बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति

बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति (एसबी) का गठन 27 जुलाई 1994 को और पिछली बार इसका पुनर्गठन 29 जनवरी 2015 को किया गया था। बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार कार्य करती है और सूचीकरण करार के खंड 49 के प्रावधानों का अनुपालन उस सीमा तक करती है जिससे कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों/ विनिर्देशों का उल्लंघन न हो ।

## बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति के कार्य:

(क) बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति बैंक के समस्त लेखा-परीक्षा कार्य के परिचालन हेतु दिशानिर्देश देती है तथा उन पर नजर भी रखती है। समस्त लेखा-परीक्षा कार्य से आशय बैंक के भीतर आंतरिक लेखा-परीक्षा एवं निरीक्षण की व्यवस्था, परिचालन और गुणवत्ता नियंत्रण तथा बैंक की सांविधिक/बाह्य लेखा परीक्षा और भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षण से संबंधित अनुवर्ती कार्रवाई करने से है। यह समिति बैंक के सांविधिक लेखा-परीक्षकों की नियुक्ति भी करती है और समय-समय पर उनके निष्पादन की समीक्षा करती है।

(ख) बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति बैंक की वित्तीय, जोखिम प्रबंधन, आंतरिक सुरक्षा लेखा-परीक्षा नीति और लेखांकन नीतियों/प्रणालियों की समीक्षा करती है, ताकि अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

(ग) यह समिति बैंक में आंतरिक निरीक्षण/लेखा-परीक्षा कार्यप्रणाली, उसकी गुणवत्ता एव अनुवर्तन की दृष्टि से प्रभावकारिता की समीक्षा करती है। यह समिति निम्नलिखित के अनुवर्तन पर विशेष ध्यान भी देती है :

- अपने ग्राहक को जानिए - धन-शोधन निवारण (केवाईसी-एएमएल) दिशानिर्देश;
- लेखांकन के प्रमुख क्षेत्र;
- खंड 49 और सेबी द्वारा समय-समय पर जारी अन्य दिशा-निर्देशों का अनुपालन;
- घोष और जिलानी समिति की संस्तुतियों के कार्यान्वयन की वस्तु-स्थिति।

(घ) यह बैंक के अनुपालन विभाग से रिपोर्टें प्राप्त करती है तथा उनकी समीक्षा करती है।

(ङ) बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35 के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक की वार्षिक वित्तीय निरीक्षण रिपोर्ट और लांग फार्म लेखा-परीक्षा रिपोर्टों में उठाए गए सभी विषयों पर बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति अनुवर्ती कार्रवाई करती है। वार्षिक/तिमाही वित्तीय खातों एवं रिपोर्टों को अंतिम रूप देने से पूर्व यह समिति बाह्य लेखा परीक्षकों से विचार-विमर्श करती है। केंद्रीय बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट एक औपचारिक 'ऑडिट चार्टर' अथवा 'टर्म्स ऑफ रेफरेंस' निर्धारित किया गया है, जिसे समय-समय पर अद्यतन किया जाता है। पिछली बार 18 दिसंबर 2014 को इसमें संशोधन किया गया था।

## गठन एवं वर्ष 2014-15 के दौरान उपस्थिति

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति में आठ सदस्य हैं, जिनमें से दो पूर्णकालिक निदेशक, दो सरकारी निदेशक (भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिती) तथा चार गैर-सरकारी, गैर-कार्यपालक निदेशक हैं। बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति की बैठकों की अध्यक्षता गैर-कार्यपालक निदेशक द्वारा की जाती है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार इसके विधान तथा कोरम संबंधी अपेक्षाओं का सख्ती से अनुपालन किया जाता है। भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अपेक्षित आंतरिक नियंत्रण, प्रणालियों एवं कार्यविधियों तथा अन्य पहलुओं से जुड़े विभिन्न मामलों की समीक्षा के लिए वर्ष के दौरान बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति की 11 बैठकें आयोजित की गईं।

**वर्ष 2014-15 के दौरान आयोजित बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति की बैठकों की तारीख और उनमें निदेशकों की उपस्थिति**

**आयोजित बैठकों की संख्या: 11**

**बैठकों की तिथियाँ: 28.04.2014, 22.05.2014, 19.06.2014, 25.07.2014, 07.08.2014, 16.10.2014, 13.11.2014, 26.12.2014, 02.02.2015, 12.02.2015, 12.03.2015**

| निदेशक का नाम | नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या | उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे |
|---|---|---|
| श्री एच. जी. कान्ट्रेक्टर, एमडी एवं जीई (आईबी) (30.04.2014 तक) | 01 | 01 |
| श्री ए. कृष्ण कुमार, एमडी एवं जीई (एनबी) (30.04.2014 तक) और एमडी एवं जीई (आईबी- 01.05.2014 से 30.11.2014 तक) | 07 | 07 |
| श्री पी. प्रदीप कुमार, एमडी एवं जीई (सीबी- 01.05.2014 से) | 10 | 09 |
| श्री बी. श्रीराम, एमडी एवं जीई (एनबी) (01.12.2014 से) | 04 | 04 |
| श्री वी. जी. कन्नन, एमडी एवं जीई (एएण्डएस) - वैकल्पिक सदस्य | - | 01 |
| श्री एस. वेंकटाचलम, अध्यक्ष, एसीबी (24.06.2014 तक) | 03 | 03 |
| श्री डी. सुंदरम (24.06.2014 तक) | 03 | 03 |
| श्री थॉमस मैथ्यू (24.06.2014 तक) | 03 | 03 |
| श्री संजीव मल्होत्रा, अध्यक्ष, एसीबी (26.06.2014 से) | 08 | 08 |
| श्री एम. डी. माल्या (26.06.2014 से) | 08 | 07 |
| श्री सुनील मेहता (26.06.2014 से) | 08 | 08 |
| डॉ. राजीव कुमार | 11 | 04 |
| श्री गुरदयाल सिंह संधु (10.11.2014 तक) | 06 | 00 |
| श्री हसमुख अढ़िया (11.11.2014 से) | 05 | 00 |
| डॉ. ऊर्जित आर. पटेल | 11 | 07 |

## बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति

बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबी) का गठन 23 मार्च 2004 को किया गया था। यह समिति ऋण जोखिम, बाजार जोखिम तथा परिचालन जोखिम संबंधी समन्वित जोखिम प्रबंधन नीति और कार्यनीति की निगरानी करने हेतु गठित की गई है। यह समिति पिछली बार 29 जनवरी 2015 को पुनर्गठित की गई थी, जिसमें आठ सदस्य हैं। वरिष्ठ प्रबंध निदेशक समिति के अध्यक्ष होते हैं। बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति की प्रत्येक तिमाही में एक और वर्ष में न्यूनतम चार बैठकें होती हैं। वर्ष 2014-15 के दौरान बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति की चार बैठकें आयोजित की गईं।

**वर्ष 2014-15 के दौरान बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति की बैठकों की तारीख तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति**

**आयोजित बैठकों की संख्या : 4**
**बैठकों की तारीख : 24.06.2014, 19.09.2014, 16.12.2014, 17.03.2015**

| निदेशक का नाम | नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या | उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे |
|---|---|---|
| श्री पी. प्रदीप कुमार, एमडी एवं जीई (सीबी- 01.05.2014 से) | 4 | 4 |
| श्री बी. श्रीराम (29.01.2015 से) | 1 | 1 |
| श्री वी. जी. कन्नन - वैकल्पिक सदस्य | 2 | 2 |
| श्री एस. वेंकटाचलम (24.06.2014 तक) | 1 | 1 |
| श्री डी. सुंदरम (24.06.2014 तक) | 1 | 1 |
| श्री थॉमस मैथ्यू (24.06.2014 तक) | 1 | 1 |
| श्री संजीव मल्होत्रा, (26.06.2014 से) | 3 | 1 |
| श्री एम. डी. माल्या (26.06.2014 से) | 3 | 3 |
| श्री सुनील मेहता (26.06.2014 से) | 3 | 3 |
| डॉ. राजीव कुमार | 4 | - |
| श्री दीपक आई. अमिन | 3 | 3 |
| श्री त्रिभुवन नाथ चतुर्वेदी | 4 | - |

## बोर्ड की हितधारक संबंध समिति

शेयर बाजारों के सूचीकरण करार के खंड 49 के अनुसरण में शेयरधारकों एवं निवेशकों से शेयर अंतरण, वार्षिक रिपोर्ट न मिलने, बॉड्स पर ब्याज/घोषित लाभांश न मिलने जैसी शिकायतों के निवारण हेतु बोर्ड की शेयरधारक/निवेशक शिकायत निवारण समिति (एसआईजीसीबी) का 30 जनवरी 2001 को गठन किया गया था (दिनांक 24 सितंबर 2014 को केन्द्रीय बोर्ड से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद, इस समिति का नाम बदल कर हितधारक संबंध समिति कर दिया गया है)। यह समिति पिछली बार 29 जनवरी 2015 को पुनर्गठित की गई थी, जिसमें आठ सदस्य हैं और इस बैठक की अध्यक्षता गैर-कार्यपालक निदेशक द्वारा की जाती है। समिति की वर्ष 2014-15 के दौरान चार बैठकें हुईं, जिनमें शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की गई।

**वर्ष 2014-15 के दौरान एसआईजीसीबी/हितधारक संबंध समिति की बैठकों की तारीख तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति**

**आयोजित बैठकों की संख्या : 4**
**बैठकों की तारीख : 07.05.2014, 30.07.2014, 22.10.2014, 16.01.2015**

| निदेशक का नाम | नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या | उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे |
|---|---|---|
| श्री ए. कृष्ण कुमार, एमडी एवं जीई (एनबी) (30.04.2014 तक) और एमडी एवं जीई (आईबी- 01.05.2014 से 30.11.2014 तक) | 3 | 3 |
| श्री पी. प्रदीप कुमार, एमडी एवं जीई (सीबी) (01.05.2014 से 23.09.2014 तक) | 2 | 2 |
| वैकल्पिक सदस्य के रूप में | | 1 |
| श्री वी. जी. कन्नन, एमडी एवं जीई (एएण्डएस) (24.06.2014 तक) | 2 | 2 |
| श्री एस. वेंकटाचलम, समिति के अध्यक्ष (24.06.2014 तक) | 1 | 1 |
| श्री थॉमस मैथ्यू (24.06.2014 तक) | 1 | 1 |
| श्री एम. डी. माल्या (26.06.2014 से) - समिति के अध्यक्ष | 3 | 3 |
| श्री संजीव मल्होत्रा (26.06.2014 से) | 3 | - |
| श्री सुनील मेहता (26.06.2014 से) | 3 | 3 |
| श्री दीपक आई. अमिन (26.06.2014 से) | 3 | 2 |
| डॉ. राजीव कुमार | - | - |
| श्री हरिचंद्र बहादुर सिंह | 4 | 3 |

(वर्ष के दौरान) अब तक प्राप्त शेयरधारकों की शिकायतों की संख्या:486
उन शिकायतों की संख्या, जिनका समाधान शेयरधारकों की संतुष्टि के अनुरूप नहीं किया गया: शून्य
लंबित शिकायतों की संख्या : शून्य
अनुपालन अधिकारी का नाम एवं पदनाम: श्री ए. के. गुप्ता, महाप्रबंधक, अनुपालन

## बड़ी राशि (1 करोड़ रुपए और उससे अधिक) की धोखाधड़ियों की निगरानी के लिए बोर्ड की विशेष समिति

बड़ी राशि (1 करोड़ रुपए और उससे अधिक) की धोखाधड़ियों की निगरानी के लिए विशेष समिति (एससीबीएमएफ) का गठन 29 मार्च 2004 को किया गया था। इस समिति का प्रमुख कार्य बड़ी राशि की धोखाधड़ी के मामलों की निगरानी एवं समीक्षा करना है, जिससे यह समिति प्रणालीगत खामियों, धोखाधड़ी के मामलों का पता लगाने एवं सूचित करने में देरी के कारणों का पता लगा सकेगी और सीबीआई/पुलिस जाँच कार्रवाई पर निगरानी रख सकेगी तथा स्टाफ की जिम्मेदारी शीघ्र तय करते हुए धोखाधड़ी की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की प्रभावशाली ढंग से समीक्षा करते हुए उपयुक्त निवारक उपाय भी शुरू कर सकेगी। इस समिति को पिछली बार 29 जनवरी 2015 को पुनर्गठित किया गया था । इसमें आठ सदस्य हैं। वरिष्ठ प्रबंध निदेशक इस समिति के अध्यक्ष हैं। वर्ष 2014-15 के दौरान समिति की चार बैठकें हुईं।

**वर्ष 2014-15 के दौरान बड़ी राशि की धोखाधड़ियों की निगरानी के लिए गठित विशेष समिति की बैठकों की तारीख तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति**

**आयोजित बैठकों की संख्या : 4**
**बैठकों की तारीख : 03.06.2014, 10.09.2014, 26.11.2014, 20.02.2015**

| निदेशक का नाम | नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या | उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे |
|---|---|---|
| श्री ए. कृष्ण कुमार, एमडी एवं जीई (एनबी) (30.04.2014 तक) और एमडी एवं जीई (आईबी- 01.05.2014 से 30.11.2014 तक) | 3 | 2 |
| श्री पी. प्रदीप कुमार, एमडी एवं जीई (सीबी) | 1 | 1 |
| श्री बी. श्रीराम, एमडी एवं जीई (एनबी) (17.07.2014 से) | 3 | 1 |
| श्री वी. जी. कन्नन, एमडी एवं जीई (एएण्डएस) वैकल्पिक सदस्य के रूप में | - | 2 |
| श्री एस. वेंकटाचलम (24.06.2014 तक) | 1 | 1 |
| श्री थॉमस मैथ्यू (24.06.2014 तक) | 1 | 1 |
| श्री संजीव मल्होत्रा (26.06.2014 से) | 3 | 3 |
| श्री एम. डी. माल्या (26.06.2014 से) | 3 | 3 |
| श्री सुनील मेहता (26.06.2014 से) | 3 | 3 |
| श्री दीपक आई. अमिन (26.06.2014 से) | 3 | 3 |
| श्री हरिचंद्र बहादुर सिंह | 4 | 3 |

## बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति

बैंक द्वारा प्रदत्त ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में निरंतर उत्तरोत्तर सुधार लाने के उद्देश्य से 26 अगस्त 2004 को बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी) का गठन किया गया था। यह समिति पिछली बार 29 जनवरी 2015 को पुनर्गठित की गई थी और इसमें सात सदस्य हैं। समिति में वरिष्ठतम प्रबंध निदेशक इसके अध्यक्ष हैं। वर्ष 2014-15 के दौरान समिति की चार बैठकें हुईं।

**वर्ष 2014-15 के दौरान आयोजित बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति बैठकों की तारीख तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति**

**आयोजित बैठकों की संख्या : 4**
**बैठकों की तारीख :13.05.2014, 19.08.2014, 07.11.2014, 28.01.2015**

| निदेशक का नाम | नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या | उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे |
|---|---|---|
| श्री ए. कृष्ण कुमार, एमडी एवं जीई (एनबी) (30.04.2014 तक) और उसके बाद एमडी एवं जीई (आईबी- 01.05.2014 से 30.11.2014 तक) | 3 | 2 |
| श्री पी. प्रदीप कुमार, एमडी एवं जीई (सीबी) (01.05.2014 से और 23.09.2014 तक) | 2 | 2 |
| वैकल्पिक सदस्य | | 2 |
| श्री बी. श्रीराम, एमडी एवं जीई (एनबी) (17.07.2014 से) | 3 | 1 |
| श्री एस. वेंकटाचलम (24.06.2014 तक) | 1 | 1 |
| श्री थॉमस मैथ्यू (24.06.2014 तक) | 1 | 1 |
| श्री संजीव मल्होत्रा (26.06.2014 से) | 3 | 2 |
| श्री एम. डी. माल्या (26.06.2014 से) | 3 | 2 |
| श्री सुनील मेहता (26.06.2014 से) | 3 | 2 |
| श्री ज्योति भूषण महापात्रा (20.11.2014 तक) | 3 | - |
| श्री एस. के. मुखर्जी | 4 | 3 |
| श्री हरिचंद्र बहादुर सिंह | 4 | 3 |
| श्री त्रिभुवन नाथ चतुर्वेदी | 4 | - |

## बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति

बैंक की सूचना-प्रौद्योगिकी पहलों की प्रगति की निगरानी के लिए 26 अगस्त 2004 को बोर्ड की प्रौद्योगिकी समिति का गठन किया गया। 24 अक्तूबर 2011 से समिति का नाम बदलकर बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति कर दिया गया है। समिति को निम्नलिखित भूमिकाएं और उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं :

(i) सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति और नीति विषयक प्रलेख अनुमोदित करना; यह सुनिश्चित करना कि प्रबंधन ने एक प्रभावी कार्यनीतिक योजना प्रक्रिया अपनाई है;

(ii) यह सुनिश्चित करना है कि सूचना प्रौद्योगिकी संगठनात्मक योजना व्यवसाय के मॉडल और उसकी दिशा की पूरक है;

(iii) यह सुनिश्चित करना कि जोखिमों और लाभों के बीच प्रौद्योगिकी निवेश संतुलन दर्शाता हो और बजट स्वीकार्य है;

(iv) सूचना प्रौद्योगिकी जोखिमों की प्रबंधन द्वारा निगरानी की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करना तथा बैंक स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी हेतु प्रदान की जाने वाली कुल निधियों की निगरानी करना; और

(v) सूचना प्रौद्योगिकी निष्पादन आकलन और व्यवसाय में सूचना प्रौद्योगिकी के योगदान की समीक्षा करना (अर्थात वचनबद्ध मूल्य प्रदान करना)।

यह समिति पिछली बार 29 जनवरी 2015 को पुनर्गठित की गई थी, जिसमें छह सदस्य हैं। समिति की अध्यक्षता एक गैर-कार्यपालक निदेशक द्वारा की जाती है। वर्ष 2014-15 के दौरान समिति की चार बैठकें हुई हैं।

**वर्ष 2014-15 के दौरान बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति बैठकों की तारीख तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति**

**आयोजित बैठकों की संख्या : 4**
**बैठकों की तारीख : 29.05.2014, 04.09.2014, 21.11.2014, 25.02.2015**

| निदेशक का नाम | नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या | उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे |
|---|---|---|
| श्री ए. कृष्ण कुमार, एमडी एवं जीई (एनबी) (30.04.2014 तक) और उसके बाद 01.05.2014 से 30.11.2014 तक एमडी एवं जीई (आईबी) | 3 | 1 |
| श्री पी. प्रदीप कुमार, एमडी एवं जीई (सीबी) | 4 | 3 |
| श्री बी. श्रीराम, एमडी एवं जीई (एनबी) (17.07.2014 से) | 3 | 3 |
| श्री डी. सुंदरम, समिति के अध्यक्ष (24.06.2014 तक) | 1 | 1 |
| श्री एस. वेंकटाचलम (24.06.2014 तक) | 1 | 1 |
| श्री पार्थसारथी अय्यंगार (24.06.2014 तक) | 1 | - |
| श्री थॉमस मैथ्यू (24.06.2014 तक) | 1 | - |
| श्री दीपक आई. अमिन, समिति के अध्यक्ष, (26.06.2014 से) | 3 | 3 |
| श्री संजीव मल्होत्रा (26.06.2014 से) | 3 | 2 |
| श्री एम. डी. माल्या (26.06.2014 से) | 3 | 3 |
| श्री सुनील मेहता (26.06.2014 से) | 3 | 3 |

## बोर्ड की पारिश्रमिक समिति

भारत सरकार द्वारा मार्च 2007 में सूचित योजना के अनुसार प्रोत्साहन के भुगतान के संबंध में बैंक के पूर्णकालिक निदेशकों के कार्यों का मूल्यांकन करने हेतु 22 मार्च 2007 को पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया । इस समिति का पुनर्गठन पिछली बार 29 जनवरी 2015 को किया गया था। इस समिति में चार सदस्य हैं, जिनमें (1) सरकार द्वारा नामित निदेशक (2) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित निदेशक (3) दो अन्य निदेशक - श्री एम. डी. माल्या और श्री दीपक आई. अमिन शामिल हैं। इस समिति ने 31 मार्च 2014 को समाप्त वर्ष के लिए पूर्णकालिक निदेशकों की प्रोत्साहन राशि की जांच कर उसका भुगतान करने की संस्तुति की है।

## बोर्ड की वसूली निगरानी समिति

भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार ऋणों एवं अग्रिमों की वसूली पर नजर रखने के लिए 20 दिसंबर 2012 को आयोजित केंद्रीय बोर्ड की बैठक में बोर्ड की ऋण निगरानी समिति गठित की गई। समिति में छह सदस्य हैं, जिनमें अध्यक्ष, चार प्रबंध निदेशक और सरकार के नामिती निदेशक शामिल हैं। वर्ष के दौरान इस समिति की चार बैठकें हुईं, जिनमें अनर्जक आस्ति प्रबंधन और बैंक के बड़ी राशि के अनर्जक आस्ति खातों की समीक्षा की गई।

## कारपोरेट सामाजिक दायित्व समिति

कारपोरेट सामाजिक दायित्व नीति के अंतर्गत बैंक द्वारा शुरू किए गए कार्यकलापों की समीक्षा करने के लिए दिनांक 24 सितंबर 2014 को कारपोरेट सामाजिक दायित्व समिति (सीएसआर) का गठन किया गया। इस समिति का पिछली बार 29 जनवरी 2015 को पुनर्गठन किया गया और इसके सात सदस्य हैं। समिति में वरिष्ठतम प्रबंध निदेशक इसके अध्यक्ष हैं। वर्ष 2014-15 के दौरान समिति की दो बैठकें हुईं।

**वर्ष 2014-15 के दौरान बोर्ड की सीएसआरसी बैठकों की तारीख तथा उनमें निदेशकों की उपस्थिति**

**आयोजित बैठकों की संख्या : 2**
**बैठकों की तारीख : 03.12.2014, 29.01.2015**

| निदेशक का नाम | नामांकन/चयन के बाद/ कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकों की संख्या | उन बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे |
|---|---|---|
| श्री पी. प्रदीप कुमार, एमडी एवं जीई (सीबी) | 2 | 2 |
| श्री बी. श्रीराम, एमडी एवं जीई (एनबी) | 2 | 2 |
| श्री संजीव मल्होत्रा | 2 | 1 |
| श्री एम. डी. माल्या | 2 | 2 |
| श्री सुनील मेहता | 2 | 2 |
| श्री दीपक आई. अमिन | 2 | 2 |
| श्री हरिचंद्र बहादुर सिंह | 2 | 1 |

## बोर्ड की नामांकन समिति

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार, केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति ने दिनांक 31 मार्च 2014 को आयोजित हुई अपनी बैठक में तीन स्वतंत्र निदेशकों (श्री एस. वेंकटाचलम, समिति के अध्यक्ष, श्री डी. सुंदरम और श्री हरिचंद्र बी. सिंह, सदस्य) की एक नामांकन समिति का गठन किया गया, जिससे कि आवश्यक उचित कर्तव्य-निष्ठा बनाई रखी जा सकें और शेयरधारकों द्वारा निदेशकों के रूप में चुनाव हेतु नामांकन भरने वाले उम्मीदवारों की 'सही एवं उचित' स्थिति निर्धारित की जा सकें। दिनांक 5 जून 2014 को नामांकन, समिति की बैठक हुई और तदनुसार उम्मीदवारों की स्थिति को 'सही एवं उचित' घोषित किया गया।

## स्थानीय बोर्ड

भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम एवं सामान्य विनियम 1955 के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक केन्द्र में जहाँ बैंक का स्थानीय प्रधान कार्यालय (एलएचओ) है, वहाँ स्थानीय बोर्ड/स्थानीय बोर्ड की समितियाँ कार्य कर रही हैं। केन्द्रीय बोर्ड द्वारा प्रत्यायोजित कार्य और विवेकाधिकारों का उपयोग स्थानीय बोर्डों द्वारा किया जाता है। 31 मार्च 2015 को दस स्थानीय प्रधान कार्यालयों में स्थानीय बोर्ड और शेष चार स्थानीय प्रधान कार्यालयों में स्थानीय बोर्ड की समितियाँ कार्यरत थीं। स्थानीय बोर्डों/स्थानीय बोर्डों की समितियों की बैठकों के कार्य-विवरण और कार्यवाही केन्द्रीय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की जाती है।

## बैठक फीस

पूर्णकालिक निदेशकों को प्रदत्त पारिश्रमिक एवं बोर्ड/बोर्ड की समितियों की बैठकों में सहभागिता करने हेतु गैर-कार्यपालक निदेशकों को भुगतान की गई बैठक फीस भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित राशि के अनुरूप है। गैर-कार्यपालक निदेशकों को बोर्ड और/या इसकी समिति की बैठकों में सहभागिता करने हेतु बैठक फीस के अलावा कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाता है। वर्तमान में केंद्रीय बोर्ड की बैठक में सहभागिता के लिए 10,000/- रुपए और अन्य बोर्ड स्तरीय समितियों की बैठकों में सहभागिता के लिए 5,000/- रुपए बैठक फीस दी जाती है। तथापि, बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों तथा भारत सरकार/ भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामिती निदेशकों को बैठक फीस का भुगतान नहीं किया जाता है। वर्ष 2014-15 के दौरान भुगतान की गई बैठक फीस का विवरण अनुलग्नक-IV में दिया गया है।

## बैंक की आचार संहिता का अनुपालन

बैंक के केन्द्रीय बोर्ड के निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक की आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है। अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित इस आशय की घोषणा अनुलगनक -V में दी गई है। आचार संहिता बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## वर्ष के दौरान गतिविधियां

निदेशकों को कारपोरेट अभिशासन की बेहतर जानकारी प्रदान करने के एक प्रयास के रूप में, बैंक ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित पहलें कीं :

i) दो निदेशकों ने मुंबई में सेंटर फॉर एडवांस्ड फाइनैंशियल रिसर्च एण्ड लर्निंग (सीएएफआरएएल) द्वारा 17 नवंबर 2014 को सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बोर्डों के गैर-कार्यपालक निदेशकों के लिए आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की ।

ii) जोखिम प्रबंधन, बासेल-II, और जोखिम आधारित पर्यवेक्षण के संबंध में निदेशकों की कुशलता में वृद्धि करने के लिए दिनांक 27 एवं 28 फरवरी 2015 को सीएएफआरएएल द्वारा नई दिल्ली में सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बोर्डों के गैर-कार्यपालक निदेशकों के लिए बैंको में कारपोरेट अभिशासन, मानव संसाधन चुनौतियों पर आयोजित कार्यक्रम में दो निदेशकों ने सहभागिता की ।

**अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशकों को वर्ष 2014-15 में भुगतान किया गया वेतन एवं भत्ते**

| नाम | मूल वेतन | महंगाई भत्ता | प्रोत्साहन | अन्य बकाया | कुल पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | | | | | |
| श्रीमती अरुंधति भट्टाचार्य (01.04.2014 से 31.03.2015) | 9,60,000.00 | 10,34,400.00 | 3,83,000.00 | - | 23,77,400.00 |
| कुल | | | | | |
| **प्रबंध निदेशक** | | | | | |
| श्री पी. प्रदीप कुमार (01.04.2014 से 31.03.2015) | 9,26,385.00 | 9,98,027.00 | 1,56,250.00 | - | 20,80,662.00 |
| श्री बी. श्रीराम (17.07.2014 से 31.03.2015) | 6,40,532.00 | 6,85,370.00 | - | - | 13,25,902.00 |
| श्री वी. जी. कन्नन (17.07.2014 से 30.03.2015) | 6,40,532.00 | 6,85,370.00 | - | - | 13,25,902.00 |
| श्री हेमंत जी कांट्रेक्टर (पूर्व प्रबंध निदेशक) (01.04.2014 से 30.04.2014) | 80,000.00 | 1,04,000.00 | 5,00,000.00 | - | 6,84,000.00 |
| श्री ए. कृष्ण कुमार (पूर्व प्रबंध निदेशक) (01.04.2014 से 30.11.2014) | 6,40,000.00 | 6,92,000.00 | 5,00,000.00 | - | 18,32,000.00 |
| श्री एस. विश्वनाथन (पूर्व प्रबंध निदेशक) (01.04.2014 से 30.04.2014) | 77,765.00 | 1,01,095.00 | 5,00,000.00 | - | 6,78,860.00 |

## प्रकटीकरण

बैंक अपने प्रमोटरों, निदेशकों या प्रबंधन, उनकी अनुषंगियों अथवा संबंधितों आदि के साथ किसी भी ऐसे महत्वपूर्ण भौतिक लेनदेन से असंबद्ध रहा है, जो बृहत स्तर पर बैंक के हितों के प्रतिकूल हो सकते थे।

बैंक दवारा स्टाक एक्सचेंजों अथवा सेबी बाजार से संबंधित किसी अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रयोज्य नियमों और विनियमों का पालन किया गया है। विगत तीन वर्षों के दौरान इनके द्वारा बैंक पर किसी भी प्रकार का दंड या आक्षेप नहीं लगया गया है।

